सांची विवि में अध्ययन के आवेदन करने की अंतिम तिथि 6 जून

plus रिपोर्टर
bhopalplus@epatrika.com

सांची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय के जुलाई सत्र 2016 की एडमिशन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। स्टूडेंट्स पसंदीदा पाठ्यक्रम में प्रवेश पाने के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट 222.ह्यड्ढह्ष्द्धद्बह्वठ्ठद्ब1.शह्द्द.द्वठ्ठ पर लॉगइन कर 6 जून तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन ऑनलाइन आमंत्रित किए गए हैं। सभी पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा 18 जून को होगी। वि.वि के एमए, एमएससी, एमफिल, पीएचडी और सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम में स्टूडेंट्स का भारी रुझान देखने को मिल रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर के इन पाठ्यक्रमों में एडमिशन के देश-विदेश से आवेदन आ रहे हैं। इस साल देश के प्रतिष्ठित वि.वि के स्टूडेंट्स के फॉर्म्स के साथ वियतनाम, म्यांमार, यूएई, श्रीलंका और सिंगापुर से भी छात्रों के आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। इसके साथ ही यहां एक वर्षीय चीनी भाषा पाठ्यक्रम भी चलाया जा रहा है। इसमें भाषा के साथ-साथ वहां कि संस्कृति और धार्मिक परंपराओं का भी अध्ययन कराया जाएगा। इस कोर्स के छात्रों को इंटरव्यू के जरिए प्रवेश मिल सकेगा। इसमें सिर्फ 20 सीटें रखी गई हैं। वहीं, एमफिल और पीएचडी के चयनित होने वाले स्टूडेंट को प्रतिमाह स्कॉलरशिप भी दी जाएगी। यहां एमए पाठ्यक्रमों में 20-20 सीटे, एमफिल में 10-10 और पीएचडी में 5-5 सीटे हैं। पीएचडी बौद्ध अध्ययन में 10 सीटें हैं।

patrika epaper editions Wed, 01 June 2016
epaper.patrika.com/c/10722384

सांची विवि में म्यांमार व ताइवान से आए आवेदन

अमेरिका, सिंगापुर से भी हो रही पूछताछ

भोपाल (नप्र)। सांची विश्वविद्यालय ने शिक्षाण सत्र 2016-17 से पीएचडी सहित विभिन्न पीजी पाठ्यक्रमों में एडमिशन शुरू कर दिए हैं। विवि के पास म्यांमार, ताइवान से पीएचडी के लिए एक-एक आवेदन आ चुका है। अमेरिका, सिंगापुर, थाइलेंड, भूटान और श्रीलंका के छात्र भी कोर्स के बारे में पूछताछ कर रहे हैं। विवि द्वारा संचालित बौद्ध अध्ययन और भारतीय दर्शन में पीएचडी पाठ्यक्रम की डिमांड विदेशों में हो रही है। विवि इस शिक्षण सत्र से पीएचडी और पीजी पाठ्यक्रम शुरू कर रहा है। इसके तहत बौद्ध अध्ययन, वैदिक अध्ययन, भारतीय दर्शन, संस्कृत, योग, आयुर्वेद, हिंदी एवं अंग्रेजी में एमए, एमफिल और पीएचडी कराई जा रही है। योग एवं समग्र स्वास्थ्य में एमएससी हो रही है। इन पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन 6 जून तक भरे जाएंगे। अब तक विवि में 200 से अधिक आवेदन आ चुके हैं। विवि द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों के लिए किसी भी उम्र के लोग आवेदन कर सकते हैं। विवि के एमए पाठ्यक्रमों में 20-20 सीटें, एमफिल में 10-10 सीटें, पीएचडी में 5-5 सीटें हैं। पीएचडी बौद्ध अध्ययन में 10 सीटें हैं।

चीनी भाषा का एक वर्षीय पाठ्यक्रम

विवि ने चीनी भाषा सिखाने के लिए एक वर्षीय पाठ्यक्रम भी शुरू किया है। इसमें साक्षात्कार के माध्यम से एडमिशन होंगे। पाठ्यक्रम के लिए 20 सीट हैं।

एमफिल, पीएचडी में स्कॉलरशिप

विवि एमफिल, पीएचडी पाठ्यक्रमों के लिए चयनित होने वाले छात्रों को प्रतिमाह स्कॉलरशिप भी देगा। एमफिल के लिए 8 और पीएचडी के छात्रों के लिए 14 हजार स्कॉलरशिप दी जाएगी। वहीं एमए के प्रत्येक पाठ्यक्रम में चयनित होने वाले पहले तीन छात्रों को भी स्कॉलरशिप मिलेगी।